भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3855

25 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दरभंगा में आयुष अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान

3855. श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दरभंगा में कोई आयुष अस्पताल, अनुसंधान संस्थान तथा योग शिक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की कोई योजना/नीति है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय बिहार सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम को कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम के तहत, योग और प्राकृतिक चिकित्सा सहित 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की स्थापना और उन राज्यों में योग और प्राकृतिक चिकित्सा सहित नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता के प्रावधान किए गए हैं, जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है। तदनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। हालांकि, सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण आयुष अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान तथा योग शिक्षण और प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। एनएएम के तहत, अनुसंधान संस्थान की स्थापना का कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा, राज्य वार्षिक कार्य योजना के माध्यम से दरभंगा में आयुष अस्पताल की स्थापना और नए आयुष महाविद्यालय की स्थापना के लिए बिहार सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****